भारत सरकार
उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या †1522
उत्तर देने की तारीख 28 जुलाई, 2021 (बुधवार)
6 श्रावण, 1943 (शक)

प्रश्न

अरूणाचल प्रदेश में बुनियादी ढ़ांचा

†1522. श्री तापिर गाव:

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार अरूणाचल प्रदेश को वैश्विक पर्यटन स्थल बनाने के लिए आवश्यक बुनियादी ढ़ांचे के निर्माण के लिए सहायता प्रदान कर रही है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा इस प्रयोजन के लिए आवंटित निधि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या उत्तर-पूर्वी परिषद ने उपर्युक्त कार्यों के लिए कोई निधि आवंटित की है?

उत्तर
उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ) जी, हाँ । पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों में वैश्विक पर्यटकों सहित पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन और अन्य संबंधित अवसंरचना कनेक्टिविटी और पर्यटन स्थल पहुंच में सुधार के लिए परियोजनाएं कार्यान्वित की गई हैं । पर्यटन मंत्रालय अपनी स्कीम 'स्वदेश दर्शन' के तहत देश में पर्यटन अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य-क्षेत्र प्रशासनों आदि को वित्तीय सहायता प्रदान करता है । राज्य सरकारों/ संघ राज्य-क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से विकास के लिए स्कीमों के अधीन परियोजनाओं की पहचान की जाती है और निधि की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, स्कीम दिशानिर्देशों के अनुपालन और पहले जारी निधियों की उपयोगिता आदि के अधीन स्वीकृत की जाती हैं । पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन स्कीम के तहत वर्ष 2014-15 **में** 49.77 **करोड़ रूपये की लागत पर भालुकपोंग-बोमडिला और तवांग में मेगा सर्किट को और वर्ष** 2015-16 **में** 96.72 **करोड़ रूपये की लागत के साथ अरूणाचल प्रदेश में अन्य उत्तर**

पूर्व सर्किट, नामतः "नाफ्रा-सेप्पा-पाप्पू, पासा, पाक्के वैली-संगदूपोता-न्यू सगाली-जीरो-योम्चा का विकास" को स्वीकृत किया गया है ।

अरूणाचल प्रदेश में अवसंरचना कनेक्टिविटी सुधार के लिए सरकार द्वारा कार्यान्वित कुछ अन्य पहलों में अन्य के साथ-साथ ईटानगर तक राजधानी रेल कनेक्टिविटी; 414 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत के साथ मुरकोंगसेलेक-पासीघाट रेल परियोजना; 54 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत के साथ तेजू हवाई अड्डा; 645.63 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत के साथ होलोंगी, अरूणाचल प्रदेश में नया हवाई अड्डा; 4348 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत के साथ ईटानगर (अरूणाचल प्रदेश) तक राजधानी सड़क कनेक्टिविटी परियोजना (4 लेनिंग नागांव बाईपास से होलोंगी तक); 2029 करोड़ रूपये की संशोधित लागत के साथ असम के 2 जिलों और अरूणाचल प्रदेश में मोबाईल कनेक्टिविटी और 9129.32 करोड़ रूपये की संशोधित अनुमानित लागत के साथ सिक्किम और अरूणाचल प्रदेश में प्रसार और वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के लिए व्यापक स्कीम शामिल हैं।

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय, उत्तर पूर्व विशेष अवसंरचना विकास स्कीम (**एनईएसआई□एस**) **के तहत, विशेष रूप से पर्यटन को बढ़ावा देने के लक्ष्य से जलापूर्ति, विद्युत और कनेक्टिविटी से संबंधित भौतिक अवसंरचना परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है । पिछले तीन वर्षों** 2018-19 **से** 2020-21 **के दौरान जलापूर्ति, विद्युत, कनेक्टिविटी के लिए उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा उत्तर पूर्व विशेष अवसंरचना विकास स्कीम** (**एनईएसआई□एस**) **के तहत अरूणाचल प्रदेश राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं और वित्तीय वर्ष** 2018-19 **से** 2020-21 **के दौरान पूर्वोत्तर परिषद, शिलांग द्वारा अरूणाचल प्रदेश राज्य में पर्यटन परियोजनाओं के लिए जारी निधि का विवरण अनुबंध-I में दिया गया है ।**

*****

<u>**अनुबंध-I**</u>

दिनांक 28.07.2021 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 1522 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में निर्दिष्ट अनुबंध

तालिका-1:
पिछले तीन वर्षों में 2018-19 से 2020-21 के दौरान अरूणाचल प्रदेश राज्य में उत्तर पूर्व विशेष अवसंरचना विकास स्कीम (एनईएसआई□एस), उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय के तहत स्वीकृत परियोजनाएं

(राशि करोड़ रूपये में)

वर्ष	**परियोजनाओं की संख्या**	**राशि**
2018-19	13	276.4
2019-20	4	105.18
2020-21*	-	-
कुल	**17**	**381.58**

नोट:* वर्ष 2020-21 के दौरान अरूणाचल प्रदेश राज्य सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र (विशेष रूप से कोविड -19 संबंधित परियोजनाओं) और शिक्षा क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए अपने संपूर्ण मानक आवंटन का उपयोग कर लिया । इस अवधि के लिए 69.87 करोड़ रूपये की दो परियोजनाएं स्वास्थ्य क्षेत्र में और 7.85 करोड़ रूपए की एक परियोजना शिक्षा क्षेत्र में स्वीकृत की गईं।

तालिका-2:
अरूणाचल प्रदेश राज्य में वित्तीय वर्ष 2018-19 से 2020-21 के दौरान पूर्वोत्तर परिषद, शिलांग द्वारा पर्यटन परियोजनाओं के लिए जारी निधि

वित्तीय वर्ष	**पर्यटन परियोजनाओं की लिए निधियों की निर्मुक्ति** (राशि करोड़ रूपये में)
2018-19	0.90
2019-20	6.02
2020-21	0.94
कुल	**7.86**

******